इंदौर, गुरुवार 06 नवंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 09
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

कलेक्टर पहुंचे जिले के दूरस्थ गांव गाजिंदा


पेज-2

मीना कुमारी का किरदार निभाएगी कियारा आडवाणी


पेज-5

किसानों को हर हाल में मिलेगी 10 घंटे बिजली


पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- बिहार चुनाव के पहले चरण में सुबह 9 बजे तक 13.13 फीसदी मतदान
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया मतदान
- वोट डालने के बाद विजय कुमार सिन्हा ने कहा - लोकतंत्र के पर्व में हर बिहारी को करना चाहिए भागीदारी
- तमिलनाडु में एसओपी को लेकर सर्वदलीय बैठक शुरू, मंत्री नेहरू, रघुपति और एमए सुब्रमण्यम कर रहे अध्यक्षता
- मद्रास हाईकोर्ट ने कहा - टीवीके नेता आधारव अर्जुना के खिलाफ एफआईआर पर पुलिस अंतिम रिपोर्ट दाखिल न करे
- ट्रैवल इन्फ्लुएंसर अनुनय सूद के निधन की खबर से फैंस स्तब्ध, परिवार ने की पुष्टि
- गिरिराज सिंह बोले - बुरका पहनकर फर्जी वोटिंग पर नजर रखेगी आंगनबाड़ी सेविका, इसे धर्म से न जोड़ें
- बायोलॉजिकल सामग्री तस्करी मामले में अमेरिका ने तीन चीनी नागरिकों को किया गिरफ्तार
- ट्रंप ने फिर दी नाइजीरिया को सभी सहायता रोकने और सैन्य कार्रवाई की धमकी
- बिहार चुनाव : कांग्रेसी सांसद प्रियंका गांधी आज गोविंदगंज और चनपटिया में करेंगी जनसभा
- ट्रंप ने अमेरिका, रूस और चीन के परमाणु निरस्त्रीकरण पर काम करने की योजना की घोषणा की

### राजनीतिक पेंच में फंसी सड़कों के लिए बाधक निर्माण नहीं हटे

# मास्टर प्लान की सड़कों के लिए प्लानिंग केवल कागजों पर




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** शहर में करीब आठ माह पहले मास्टर प्लान की 22 सड़कों में से 8 सड़कों का कार्य प्रथम फेज में शुरू हुआ था। इनमें से उन सड़कों का काम ही शुरू हो पाया, जहां निगम को बाधक निर्माण हटाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आना था। जहां व्यावसायिक इलाके थे, वहां सड़क का कार्य शुरू करना, तो दूर बाधक निर्माण हटाना ही शुरू नहीं हो पाया। इन इलाकों में एक इंच भी मास्टर प्लान की सड़क का काम शुरू नहीं हो पाया। कागजी घोड़े दौड़ रहे हैं, निगम अधिकारी सेंट्रल लाइन डाल आए हैं, अधिकारी भी कई बार दौरा कर चुके हैं, लेकिन कार्य शुरू होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इन सड़कों का मामला राजनीति के दावपेंच में फंस चुका है। नगर निगम ने पहले फेज में सुभाष मार्ग (गोल मंदिर से रामबाग पुल तक ) लंबाई 1300 मीटर, चौड़ाई 30 मीटर, लिंक रोड (एमआर 10 से एमआर 12 तक) लंबाई 1800 मीटर, चौड़ाई 30 मीटर । एमआर 5 ( बड़ा बांगड़दा से पीएमएवाय मल्टी तक ) लंबाई 1700 मीटर, चौड़ाई 24 मीटर। भमोरी चौराहे से एमआर 10 व राजशाही गार्डन से होटल वॉच तक लंबाई 1100 मीटर, चौड़ाई 30 मीटर । वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक लंबाई 1310 मीटर, चौड़ाई 18 मीटर। एडवांस एकेडमी से रिंग रोड तक लंबाई 3650 मीटर, चौड़ाई 30 मीटर 7 जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तक लंबाई 1920 मीटर, चौड़ाई 30 मीटर 7 रिंग रोड (खजराना मंदिर गेट से जमजम चौराहा तक) लंबाई 1120, चौड़ाई 18 मीटर सड़क के साथ ही नवलखा से छावनी होते हुए मधुमिलन चौराह तक की सड़क का कार्य शुरू करने का एलान किया था। इसमें सबसे ज्यादा बयानबाज सुभाषमार्ग और छावनी की सड़की चौड़ाई कम करने को लेकर नेताओं ने की थी। इस कारण दोनों सड़कें आधर पर लटकी हुई है।

#### जहां बड़ा विरोध नहीं, वहां हो गई तोड़फोड़

मास्टर प्लान की 23 सड़क के लिए, इनमें से एक आरई 2 पहले से निर्माणाधीन है, वहीं अन्य 22 सड़कों के लिए केंद्र सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व ही निगम के खाते में 450 करोड़ से अधिक की राशि डाल दी थी। ऐसे में इन सड़कों का कार्य तेजी से शुरू हो जाना चाहिए था, ताकि शहर का यातायात दो-तीन वर्षों में कुछ हद तक सुधर सकता, लेकिन राजनीति के चलते ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जानकारों का कहना है कि उन इलाकों में तोड़फोड़ कर दी है, जहां छोटे, कच्चे-पक्के मकान थे और जहां ज्यादा विरोध भी नहीं होना था, लेकिन जहां बड़े व्यावयासिक मकान, दुकान की तोड़फोड़ होना है, वहीं सबसे ज्यादा राजनीति हो रही है। जबकी अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी मास्टर प्लान की चौड़ाई घटाई नहीं जाएगी।

#### सब कुछ साफ, फिर भी नहीं हो रहा कार्य शुरू

वहीं पहले फेज में जमजम चौराहा से स्टार चौराहा और खजराना रिंग रोड चौराहा से जमजम तक की सड़क का चौड़ीकरण कार्य शुरू होना था, लेकिन इसमें केवल जमजम चौराहा से स्टार चौराहा सड़क का चौड़ीकरण कार्य स्टार चौराह की तरफ से शुरू हो पाया। वहीं रिंग रोड चौराहा से जमजम चौराह तक का कार्य शुरू होना तो दूर बाधक निर्माण में से एक ईंट तक नहीं हटी है, जबकि इसे भी सिंहस्थ के पूर्व बनाया जाता था। यह सड़क 100 फीट के स्थान पर केवल 60 फीट की बन रही है, फिर यहां भी निगम के जिम्मेदार हाथ डालने से बच रहे हैं। इसी प्रकार जमजम चौराहा से स्टार चौराहा सड़क का जो जमजम चौराहा का इलाक वहां अब तक सेंटर लाइन को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है और शिकवे-शिकायत का दौर जारी है।

# पुरुषोत्तम पसारी के ट्रस्ट अध्यक्ष बनने के बाद से माहेश्वरी समाज की संस्थाओं में मचा बवाल

### छत्रीबाग स्थित शैक्षणिक परिसर अब बना राजनीति का अखाड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार पुरुषोत्तम पसारी के माहेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष बनने के बाद से छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी समाज की सभी संस्थाओं में भारी उठापटक चल रही है। जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि पुरुषोत्तम पसारी की मनमानी के चलते कुछ समय पूर्व माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित 2 स्कूल आर.के.डागा एकेडमी एवं बी.डी. तोषनीवाल स्कूल बन्द कर दिए गए और वर्षों से काम कर रहे शिक्षकों और कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया, जिनके परिश्रम से स्कूलों ने तरक्की कर ऊचाईयां प्राप्त की थी। माहेश्वरी कालेज के एक शिक्षक ने अपना नाम बताने की शर्त बताया कि सम्पूर्ण छत्रीबाग पर मनमाने ढंग से कब्जा करने के लिए पुरुषोत्तम पसारी आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज के प्राचार्य एवं स्टॉफ को झूठे मामलों में फंसाकर उन्हें बाहर करने



के नित-नए षडयंत्र एवं प्रपंच रहा है, जिसके तहत शिक्षा के मंदिर में शिक्षकों को धमकाने के लिए बाउंसरों को बुलाना, विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं देना, स्टूडेंट्स एवं स्टॉफ से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं दुर्व्यवहार करने वाली उन्हीं के द्वारा नियुक्त कॉलेज प्रबंधन सचिव वीणा सोनी को बचाने के लिये प्राचार्य और स्टॉफ पर झूठे मामले बनाकर कार्यवाही करना, अन्य कॉलेज में पदस्थ लोगों को माहेश्वरी कॉलेज में डिस्टर्ब करने के लिए किसी न किसी पद पर षडयंत्र पूर्वक नियुक्ति देना यह सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि माहेश्वरी समाज के कॉलेज से ट्रस्ट अध्यक्ष ने शासन प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर 3.25 करोड़ रुपये अनाधिकृत तरीके से ट्रस्ट में ट्रांसफर करवाये, जिसका विरोध महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टॉफ ने किया इस बारे में उनका तर्क है कि पैसा कॉलेज के विद्यार्थियों की फीस से आया है तो खर्च भी उन्हीं की सुविधाओं पर होना चाहिए, जबकि अनाधिकृत फण्ड ट्रांसफर कर ट्रस्ट अध्यक्ष अपनी मनमानी करना चाहते हैं।

# भाजयुमो अध्यक्ष के लिए चल रही जमकर लॉबिंग

### सीएम, पूर्व सीएम और प्रदेश अध्यक्ष अपनी-अपनी पसंद को लेकर अड़े

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** मध्यप्रदेश भाजपा में संगठनात्मक पुनर्गठन के अगले चरण में अब बारी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल नगरीय निकाय चुनाव से पहले संगठन की नई टीम का गठन पूरा कर लेना चाहते हैं, ताकि चुनावी तैयारी में युवा मोर्चा की भूमिका प्रभावी रूप से सामने आ सके। इसी उद्देश्य से प्रदेश में अब भाजयुमो के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर मंथन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि इसी महीने में कभी भी नए अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। वर्तमान अध्यक्ष वैभव पंवार का तीन वर्षीय कार्यकाल सितंबर 2024 में पूरा हो चुका है। पार्टी सूत्रों के अनुसार शीर्ष नेतृत्व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जिन छह नामों पर गंभीरता से विचार कर रहा है, उनमें अंशुल तिवारी, योगेंद्र सिंह ठाकुर, प्रवीण शर्मा, गजेंद्र तोमर, अंकित गर्ग और रंजीत चौहान शामिल हैं। प्रत्येक नाम को किसी न किसी वरिष्ठ नेता का समर्थन प्राप्त है। भाजयुमो का अध्यक्ष पद केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी



#### किसने, किसका नाम सुझाया

पार्टी सूत्रों के अनुसार युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिये संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने अंशुल तिवारी और योगेंद्र सिंह ठाकुर का नाम आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रवीण शर्मा का नाम प्रस्तावित किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने गजेंद्र तोमर और अंकित गर्ग के नाम दिये है। वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रंजीत सिंह चौहान का नाम सुझाया है।

नहीं, बल्कि भाजपा के भावी नेतृत्व की नर्सरी माना जाता है। पार्टी के कई वर्तमान विधायक, सांसद और मंत्री इसी पद से आगे बढ़े हैं।

# कांग्रेस जुबानी खर्च करती रह गई, बीजेपी ने बना दी टीम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** देश में 12 राज्यों में भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर दिया है। उधर लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी मतदाता सूची की शुद्धता और वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। इधर इंदौर में कांग्रेस ने बीएलए नियुक्ति नहीं की है। उधर बीजेपी ने इस मामलें में सक्रियता दिखाते हुए इसके दल को चुनाव अधिकारियों के पास भेज दिया है।

बीजेपी ने बीएलए की एक पूरी टीम को इंदौर जिला प्रशासन



के पास भेज दिया और उनकी ट्रेनिंग देने की मांग रखी। इस पर कहा गया कि औपचारिक नियुक्ति पत्र जमा कर दीजिए। फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ, इसकी बाद इसी सप्ताह ट्रेनिंग दी जाएगी। बीजेपी के बाद अन्य राजनीतिक दलों में आप ही सक्रिय है। उन्होंने भी इस संबंध में प्रशासन से संपर्क साधा है।

इधर कांग्रेस भले ही वोट चोरी का मुद्दा खूब उछाल रही है लेकिन फील्ड में कमजोर नजर आ रही है। बूथ लेवल एजेंट एक भी नियुक्त नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस दावे कर रही है कि अब जिस क्षेत्र में कांग्रेस का बड़ा नेता होगा। उन्हें वहां का बूथ लेवल एजेंट बनाएंगे, इससे कांग्रेस में जोश आएगा। लेकिन फिलहाल अभी जिला प्रशासन के पास उनके बीएलए की कोई लिस्ट नहीं पहुंची है।

# सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा लुढ़का

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** शहर में बारिश का दौर थामने के बाद ठंड का असर बढ़ने लगा है। बुधवार रात कई शहरों में पारा काफी लुढ़क गया। शहर में सीजन की सबसे ठंडी रात रही। यहां पर न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस सीजन में पहली पार तापमान में इतनी गिरावट देखने को मिली है। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होना भी इसकी एक वजह है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बने सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों तरफ से नमी आई। जिससे बादल छाए रहे। इस वजह से दिन का तापमान नहीं बढ़ सका। वर्तमान में हरियाणा के पास एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) बना हुआ है। इस वजह से यह प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद शहर में ठंड का असर और बढ़ जाएगा।

#### प्रदेश के बाकी शहरों में भी पारा गिरा

पिछले 24 घंटे के दौरान श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, बैतूल, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर और छिंदवाड़ा जिलों में हल्की बारिश हुई। इसके साथ दिन के तापमान में भी गिरावट हुई। नरसिंहपुर में एक ही रात में पारा 5.4 डिग्री लुढ़ककर 17.2 डिग्री पर आ गया। छिंदवाड़ा-मंडला में 17.6 डिग्री, नौगांव में 15 डिग्री, रीवा में 15.8 डिग्री, सिवनी में 17.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 16.8 डिग्री, उमरिया में 17.3 डिग्री, मलाजखंड में 16.7 डिग्री, भोपाल में 18.8 डिग्री, इंदौर में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 18.3 डिग्री, ग्वालियर में 20.1 डिग्री, खंडवा-शिवपुरी में 17 डिग्री, खरगोन में 17.8 डिग्री, पचमढ़ी में 17.2 डिग्री रहा। इधर, बुधवार को दिन में पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री रहा। रायसेन में 27 डिग्री, बैतूल में 26.7 डिग्री, श्योपुर में 29.6 डिग्री और मलाजखंड में पारा 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बैठक | जमीनी हकीकत से परे हटकर आंकड़ों पर जादुगरी करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने दिखाया आईना

# सेल्फी को नवाचार बताने पर कलेक्टर ने एडीपीसी को फटकारा!

**आशीष गुप्ता : 9425064357**

**इंदौर दैनिक इंदौर संकेत**

स्कूली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने जब अतिरिक्त राष्ट्रीय जिला परियोजना समन्वयक नरेंद्र जैन से पीएमश्री स्कूल में विद्यार्थियों के कुछ नवाचार के बारे में पूछा तो विश्वनीय सूत्र बताते हैं कि एडीपीसी नरेंद्र जैन ने बड़े उत्साह में आकर जवाब दिया कि हमने इन स्कूलों में सेल्फी प्वाइंट बनाए है तो उनके इस जवाब पर कलेक्टर नाराज़ हुए और उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि यह नवाचार होता है क्या? इसका मतलब है कि आप विद्यार्थियों को स्कूल में मोबाइल लाने के प्रेरित करते हो। शिक्षण के क्षेत्र में कोई नवाचार किया हो तो बताएं इस बात पर एडीपीसी की बोलती बंद हो गई और कोई जवाब नहीं दे पाए। गौरतलब है कलेक्टर बनने के बाद शिवम वर्मा की शिक्षा विभाग की समीक्षा को लेकर यह पहली बैठक थी।

गौरतलब है लगभग एक दशक से ज्यादा समय पर एडीपीसी रह चुके नरेंद्र जैन पर सीईओ जिला पंचायत की जांच में 68 लाख के गबन का आरोप सिद्ध हो चुका है। सूत्रों के अनुसार अपने रिटायरमेंट तक इस जांच को ठंडे बस्ते में डालने के लिए एडी चोटी का जोर लगाने वाले एडीपीसी ने इस पद पर रहकर भ्रष्टचार के नए नए



आयाम बनाए है, जिसे शायद ही कोई छू सकेगा। डीईओ ऑफिस के एक सूत्र बताते है राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान में उन्होंने सरकारी स्कूलों में होने वाली सप्लाई में अपनी चहते फर्मों को लाभ पहुंचाया। सूत्र तो यह भीं बताते हैं कि इस अभियान के तहत चलने वाले हॉस्टल से वे मासिक बंदी लेते है। अब इस प्रकार की अफवाहों में कितनी सच्चाई है इसका कोई प्रमाण नहीं है लेकिन दबे-छुपे स्वर में उनके ही साथी प्राचार्य उनकी ही बदली लाइफ स्टाइल को लेकर उन पर उंगली उठाते हैं।

#### छोटी-छोटी बातें बताने की आवश्यकता नहीं

बैठक में मौजूद एक शिक्षक ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के बिन्दुओं पर भी कलेक्टर ने डीपीसी को ताकीद दी कि छोटी-छोटी बातें मुझे बताने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है जबसे संजय मिश्र डीपीसी तबसे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी छवि चमकाने के लिए अपने अधीनस्थों को टारगेट पर लेने का प्रयास करते है। अब तक उनके प्रयास नाकाम ही रहे हैं, क्योंकि उनके कार्यालय के अलग अलग सेक्शन में कार्य कर रहे शिक्षक ही उनकी कार्यशैली से परेशान होकर अपने आपको उनके कार्यालय से मुक्त करने की गुहार सीईओ जिला पंचायत के समक्ष लगा चुके हैं।

#### बीआरसी तंवर को दोहरा प्रभार देकर कलेक्टर ने दिया मैसेज

शिक्षा विभाग के जानकार बता रहे हैं कि कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर-2 के बीआरसीसी राजेंद्र तंवर को बीआरसीसी 1 का अतिरिक्त प्रभार देकर डीपीसी संजय मिश्र को स्पष्ट संकेत दिए है कि इस विभाग में उनके पास उनका अपना नेटवर्क है। विदित है कि कलेक्टर इस अतिरिक्त प्रभार की पूरी प्रक्रिया से डीपीसी को पूरी तरह से दूर रखा। सूत्रों के अनुसार ना उनसे राय ली, ना उनसे बीआरसीसी राजेंद्र तंवर को अतिरिक्त प्रभार देने के मामले में डीपीसी से रिपोर्ट मांगी। डीपीसी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर और सीईओ द्वारा आदेशित करने के बाद भी डीपीसी ने इस आदेश को तीन दिन तक अपने पास रोके रखा, जब कलेक्टर को अपने सूत्रों से यह जानकारी लगी तो डीपीसी को फटकार लगाते हुए तत्काल इस आदेश को तामील कराने के लिए कहा।

न्यूज ब्रीफ

## 07 से 26 तक पूरे प्रदेश में चलेगा 'वंदेमातरम' अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को 07 नवंबर से शुरू हो रहे 'वंदे मातरम /150' अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' वह गीत है जिसने आज़ादी के आंदोलन के दौरान लाखों भारतीयों को देशभक्ति, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत किया। 7 नवम्बर को स्व. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' अपनी रचना के 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी इस गीत की वर्षगांठ को देश और प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के साथ ही विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की मंसानुसार हम सभी कार्यकर्ता इसे आत्मसात करने में जुटे हुए हैं। जब हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय मूल्यों को संजोकर रखेंगे, तभी हमारा विकास स्थायी, संतुलित और सार्थक होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि 'वंदेमातरम /150' केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज़ है, जिसने हमें स्वाधीनता का स्वप्न देखने और उसे साकार करने की प्रेरणा दी।

## दुर्घटना के बाद प्रशासन ने भेरूघाट में तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के आदेश दिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** हाल ही में हुई एक बस दुर्घटना के बाद, जिसमें ओंकारेश्वर से लौट रहा एक वाहन इंदौर-खंडवा राजमार्ग पर भेरूघाट में एक खाई में गिर गया था, इंदौर प्रशासन आखिरकार सक्रिय हो गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने दुर्घटना के 'ब्लैक स्पॉट' पर सड़क इंजीनियरिंग में सुधार के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। सोमवार को हुई इस दुर्घटना ने अधिकारियों की एक गंभीर विफलता को उजागर किया है, क्योंकि तीन साल पहले, इसी मार्ग पर एक अन्य बस दुर्घटना के बाद भी इसी तरह के सुरक्षा उन्नयन के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन उन पर कभी अमल नहीं किया गया। भेरूघाट खंड, विशेष रूप से खतरनाक मोड़, उचित सुरक्षा बुनियादी ढांचे की कमी के कारण मौत का जाल बना हुआ है। खतरनाक मोड़ों पर अभी भी रेलिंग और मजबूत चारदीवारी नहीं हैं। कई स्थानों पर, सड़क को खड़ी खाई से अलग करने वाली चारदीवारी केवल 1 से 2 फीट ऊंची है, जो अनियंत्रित वाहनों के खिलाफ लगभग कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करती है। कलेक्टर वर्मा ने अब महू के अनुविभागीय दंडाधिकारी को क्षेत्र का सर्वेक्षण करने, ब्लैक स्पॉट्स पर इंजीनियरिंग सुधार करने और घाट खंड में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्मा ने कहा, 'इंदौर-खंडवा मार्ग पर दुर्घटनाओं को देखते हुए, जाँच कराई जाएगी।

## टेकऑफ से पहले रोकी एअर इंडिया की फ्लाइट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर से मुंबई जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट‌ ङ्ख-2750 बुधवार शाम टेकऑफ से ठीक पहले रनवे पर रोक दी गई। पायलट को अचानक फायर इंडिकेशन अलार्म मिला, जिसके बाद‌ ञ्ज्र ने विमान को वहीं रोकने के निर्देश दिए। फ्लाइट को शाम 7:50 बजे उड़ान भरना थी, लेकिन 163 यात्री विमान के अंदर ही बैठे थे। जांच के बाद विमान ने रात 11.41 मुंबई के उड़ान भरी। यात्रियों का कहना था कि वे लगातार एअर इंडिया से संपर्क कर रहे थे, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी। एक यात्री के परिवार ने शिकायत सिविल एविएशन मंत्रालय के ष्ठत्र फैज अहमद किदवई तक भेजी है। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान दिल्ली से बेंगलुरु की ओर जा रहा था। उड़ान के दौरान पायलट को फ्लाइट के कार्गो से इमरजेंसी वॉर्निंग सिग्नल मिला था। इसके बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए भोपाल एयरपोर्ट पर विमान को उतारा।

# कलेक्टर शिवम वर्मा पहुंचे जिले के दूरस्थ गांव गाजिंदा

### गाजिन्दा में कलेक्टर वर्मा ने की 'चौपाल पर चर्चा', ग्रामीणों से जानी जमीनी हकीकत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** कलेक्टर शिवम वर्मा आज रात्रि विश्राम कार्यक्रम के तहत आयोजित 'चौपाल पर चर्चा' में ग्रामीणों से रूबरू होने के लिए खंडवा रोड पर स्थित जिले के दूरस्थ गांव गाजिन्दा पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से संवाद कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति जानी और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, एसडीएम महू राकेश परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने गांव को आर्थिक रूप



से आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। ग्रामीणों ने आवासहीन परिवारों की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पात्र लोगों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराए जाएं और आवास योजना की सूची ग्राम पंचायत में प्रदर्शित की जाए। महिलाओं और स्कूली बच्चों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना प्राथमिकता है। उन्होंने तहसील स्तरीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। ग्रामीण महिलाओं ने गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने शराबबंदी के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने और अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर श्री वर्मा ने गांव में श्मशान घाट निर्माण और वहां तक सड़क बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। चर्चा के दौरान महिला कमलाबाई ने बताया कि उसे तीन माह से पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत तीन माह की पेंशन राशि दिलवाते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों को कॉपियां और पेन वितरित किए तथा उन्हें प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से स्कूल जाएं, अच्छी पढ़ाई करें और जीवन में आगे बढ़ें।

## क्षत्रिय क्रांति माहसम्मेलन की बैठक हुई संपन्न

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**
15 नवम्बर को भोपाल में होने वाले क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर क्षत्रिय करणी सेना की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

आज क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय, इंदौर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 15 नवम्बर को भोपाल में आयोजित होने जा रहे 'क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन' की तैयारियों एवं रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को यह आह्वान किया गया कि वे पूर्ण उत्साह, अनुशासन और एकजुटता के साथ इंदौर से भोपाल के लिए प्रस्थान करें



तथा महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएँ प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने कहा कि यह महासम्मेलन समाज की एकता सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक होगा

**बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में** -प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रौनक ठाकुर प्रदेश महामंत्री विजेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश संगठन मंत्री अजय राजपूत, जिला अध्यक्ष अंकित सिंह तोमर, कार्यकारिणी अध्यक्ष हर्षित भदौरिया, नगर अध्यक्ष संजीत सिंह, जिला महामंत्री चन्दन सिंह जी बड़वाया, संदीप दरबार मनोज राठौर सुभम मौर्य, गोकुल चौहान हर्ष वर्धन एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं करणी सैनिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया जय राजपूताना!

### देपालपुर में एंटी रैगिंग समिति की हुई बैठक

## महाविद्यालय में रैगिंग की घटना ना हो, अनुचित प्रवेश पर विशेष ध्यान रखा जाए-एसडीओपी

### महाविद्यालय में 10 नवंबर से मनाया जाएगा एंटी रैगिंग सप्ताह

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर ●** शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय में मंगलवार को एंटी रैगिंग समिति की बैठक आयोजित हुई , जिसमें एंटी रैगिंग प्रभारी पुष्पा दिवाकर ने बताया कि उक्त मीटिंग के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों एवं जारी गाइडलाइन का पालन करने पर चर्चा की गई, इसके साथ ही महाविद्यालय में वार्षिक अध्ययन के दौरान ऐसी गतिविधियों का संचालन हो जिसमें जूनियर एवं सीनियर छात्र-छात्राओं के बीच सकारात्मक संवाद हो इसके साथ ही महाविद्यालय में लाइट पेयजल एवं प्रसाधन की सफाई समुचित व्यवस्थाओ पर आदि बातों पर विचार विमर्श किया गया



।महाविद्यालय प्राचार्य अनुपम वर्मा ने बताया कि इसके साथ ही आगामी 10 नवंबर सोमवार से एंटी रैकिंग सप्ताह मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं मुस्कान अभियान साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा साथ ही मोटिवेशनल स्पीच आयोजन महाविद्यालय में किया जाएगा। आयोजित बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य अनुपम वर्मा , एंटी रैगिंग निरोधक दस्ता की ओर से एसडीम प्रतिनिधि नागेंद्र त्रिपाठी , एसडीओपी संघ प्रिया सम्राट, मनोनीत सदस्य मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल , प्रो.डॉ मंगेश नेहे , महेश दिवाकर, रचना पटौदी आदि उपस्थित हुए।

## एडिशनल डीसीपी और टीआई को सुप्रीम कोर्ट से फटकार, झूठा हलफनामा दिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मप्र हाईकोर्ट में झूठा हलफनामा देने पर शहडोल कलेक्टर केदार सिंह पर दो दिन पहले ही हाईकोर्ट ने दो लाख का जुर्माना ठोका। अब सुप्रीम कोर्ट में मप्र के अधिकारियों के झूठे हलफनामे का मामला सामने आया है। इसमें इंदौर के में पदस्थ एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल उलझ गए हैं।

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। दोनों ने ही एक आरोपी अनवर हुसैन की जमानत याचिका पर आपत्ति लेते हुए हलफनामा दिया था जिसमें कई बातें गलत निकली। जस्टिस संदीप मेहता और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को सुनवाई में खुलासा हुआ। हलफनामे में बताए गए आठ मामलों में से चार मामलों में याचिकाकर्ता आरोपी नहीं था। इनमें IPC की धारा 376 का मामला भी शामिल था। इस मामले में जिम्मेदारों की ओर से सुप्रीम कोर्ट को कम्प्यूटर से हुई तकनीकी त्रुटि को जिम्मेदार बताया गया। कहा गया कि पिता-पुत्र का नाम एक जैसा होने के चलते यह जानकारी तैयारी हो गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई। जानकारी के अनुसार टीआई इंद्रमणि पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी कर 25 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने को कहा। साथ ही गलत हलफनामा तैयार करने में शामिल अन्य लोगों को 25 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ ही सुनवाई से दो दिन पहले स्पष्टीकरण जमा करना होगा। साथ ही आरोपी की जमानत देने का भी फैसला लिया गया।

## देवेन्द्र सिंह यादव ने उठाए कांग्रेस नेताओं के ऑडियो पर सवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** कांग्रेस नेता देवेन्द्र सिंह यादव ने बयान जारी करके कहा कि सोशल मीडिया पर एक फोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग व्यापक रूप से प्रसारित हो रही है, जिसमें कथित रूप से इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं पूर्व इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्षसुरजीत चड्ढा के बीच बातचीत हो रही है। इस बातचीत के दौरान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी के प्रति अत्यंत अशोभनीय, अपमानजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है।

यह भी उल्लेखनीय है कि इस घटना से पूर्व, इंदौर आगमन के दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त की उपस्थिति में, चिंटू चौकसे ने बैठक के दौरान बिना पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का नाम लिए यह बयान दिया था कि - कोई भी बड़ा नेता मेरी अनुमति के बिना इंदौर नहीं आएगा और न कोई कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह कथन न केवल संगठनात्मक अनुशासन के विपरीत है, बल्कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है। और उसके कुछ ही समय बाद चिंटू चौकसे एवं सुरजीत चड्ढा की उक्त ऑडियो क्लिप सामने आना संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत गंभीर विषय है। कांग्रेस पार्टी की परंपरा संवेदनशीलता, अनुशासन, सामूहिक नेतृत्व और वरिष्ठों के प्रति सम्मान पर आधारित रही है। इस प्रकार की घटनाएँ पार्टी की साख को आहत करती हैं और आम कार्यकर्ताओं में भ्रम तथा असंतोष की स्थिति उत्पन्न करती हैं।

## दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने समस्त प्रदेश के स्वास्थ्य परिवार के अधिकारी कर्मचारियों ,पदाधिकारीयों को दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।

आज दिनांक 5 नवंबर को प्रदेश स्तरीय दीपावली मिलन समारोह हिंदी भवन भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विश्वास कैलाश सारंग मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं दक्षिण पश्चिम से विधायक भगवानदास सबनानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य परिवार के अधिकारियों कर्मचारियों को



संबोधित करते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ है समय समय पर आवश्यकता अनुसार सहयोग करेगी। साथ ही स्टाफ नर्स का पदनाम पूर्व में परिवर्तन कर नर्सिंग ऑफिसर किए जाने पर मंत्री का नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार जाट एवं उनकी टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## सेवा भावी शिक्षक महेन्द्र कुशवाह हुए सेवानिवृत्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** यह प्रदर्शनी नही बल्कि भारत के गौरवशाली संघर्ष से लेकर राष्ट्र निर्माण को समर्पित राष्ट्र नायको के इतिहासिक बलिदान ओर योगदान के लिये एक सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की ओर से मौन भाववन्दना के साथ समर्पण है। ताकि नव पीढी के बच्चे इनके योगदान के महत्व को समझे, ओर प्रेरित होकर भारत की गौरव गाथा को आत्मसात कर एक योग्य नागरिक बने, उनमे राष्ट्रवाद के साथ स्वाभिमान का भाव जागृत हो। शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल में कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक महेन्द्र कुशवाह के सेवा



निवृत्ति कार्यक्रम के अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला और प्रसिद्ध कवि श्यामसुंदर पलोड उपस्थित थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के प्राचार्य और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# क्रांति गौड़ के उदाहरण से, खेल की चैंपियन, पर पढ़ाई ने डीएसपी बनने से रोका

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मध्य प्रदेश की बेटी और इंटरनेशनल चैंपियन खिलाड़ी क्रांति गौड़ आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गई हैं। हालांकि, उनकी कहानी यह भी बताती है कि पढ़ाई-लिखाई जिंदगी में कितनी जरूरी है।

आईटीआई एक्टिविस्ट आनंद राय ने इसको लेकर अपने फेसबुक पर एक पोस्ट किया है। राय लिखते हैं, अगर क्रांति गौड़ स्नातक (ग्रेजुएट) होतीं, तो सरकार उन्हें स्पोर्ट्स कोटे से डीएसपी बना सकती थी। चूंकि वह अभी सिर्फ आठवीं पास हैं, इसलिए सरकार उन्हें रानी दुर्गावती सशस्त्र महिला बटालियन में फिलहाल सूबेदार या सब-इंस्पेक्टर के पद पर ही नियुक्त कर सकती है। हालांकि, क्रांति की उम्र अभी मात्र 23 साल है। अगर वह अगले कुछ सालों में पढ़ाई जारी रखते हुए स्नातक की डिग्री हासिल कर लेती हैं, तो भविष्य में DSP बनना उनके लिए पूरी तरह संभव है।

आनंद राय ने एमपी सरकार से मांग की है कि क्रांति के पिता मुन्नालाल गौड़ पिछले 13 सालों से बर्खास्त हैं। उन्हें हेड कॉन्स्टेबल पद पर तुरंत बहाल किया जाए। राय कहते हैं कि उनके परिवार का सम्मान लौटाना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। आदिवासी समाज खुद्दार होता है, और मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करता। राय ने आगे लिखा कि शिवराज सरकार के समय जो अन्याय हुआ, उसे अब मोहन यादव सरकार सुधार सकती है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सचिन तेंदुलकर, जो मात्र 10वीं पास हैं, उन्हें भारतीय सेना ने मानद ग्रुप कैप्टन की उपाधि दी थी।

आनंद राय ने अपने एक और फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में एक पंडिताइन को DSP का पद मिल गया है।



वहीं मध्य प्रदेश में क्रांति गौड़ को अपनी मेहनत और संघर्ष के बावजूद अभी तक अपने पिता को आरक्षक पद पर बहाल करवाने के लिए SP दफ्तर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। 2012 से उनके पिता मुन्नालाल गौड़ को निलंबित किया गया है और तब से वह अपनी नौकरी से दूर हैं। राय लिखते हैं कि क्रांति ने खुद अपने मां के गहने बेचकर अपनी स्पोर्ट्स ट्रेनिंग की थी। जब वह अपनी मेहनत और संघर्ष से आगे बढ़ने की कोशिश कर रही थी, तो इस सिस्टम ने उसे हर कदम पर प्रताड़ित किया। बकौल राय, यह सच में एक उदाहरण है कि आग में तपकर कुंदन बनना क्या होता है। क्रांति की कहानी यह दिखाती है कि यह सब कुछ जातिवाद और भेदभाव का ही परिणाम है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को क्रांति गौड़ को एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। अगर क्रांति गौड़ ग्रेजुएट होतीं, तो सरकार उन्हें स्पोर्ट्स कोटे से DSP बना सकती थी। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 जीतने से पहले भारतीय तेज गेंदबाजक्रांति गौड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। क्रांति ने विश्व कप जैसे बड़े मंच पर पाकिस्तान के खिलाफ 5 अक्टूबर को शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। क्रांति का यह सफर आसान नहीं रहा। मध्यप्रदेश के एक छोटे से गांव से आने वाली क्रांति गौड़ ने अपनी मेहनत और संघर्ष के दम पर पहली बार वर्ल्ड कप में जगह बनाई है। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में दबाव के बावजूद बहुत ही संयमित गेंदबाजी की। उन्होंने अपने 10 ओवरों में 18 डॉट गेंदें फेंकी और सिर्फ 20 रन देकर 3 विकेट झटके थे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम (इंडिया बनाम साउथ अफ्रीका) ने 47 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता। नवी मुंबई के DY पाटील स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराया।

(साभार द सूत्र)

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 06 नवंबर 2025

**न्यूज ब्रीफ**

### अपने मन, आचार-विचार और चरित्र में सकारात्मक बदलाव ला कर

**इंदौर** • चातुर्मास स्वयं को बदलने और समाज तथा राष्ट्र को समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का ऐसा प्रभावी और पुण्यशाली प्रकल्प है जो हमें संतों और विद्वानों के सानिध्य में और अधिक सुदृढ बनाता है। इंदौर देवी अहिल्या की ऐसी पवित्र भूमि है जहाँ धर्म, सेवा और संस्कृति की ज्योत हमेशा प्रज्वलित बनी रहती है।

### अन्नपूर्णा मंदिर पर आज सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**इंदौर** • अन्नपूर्णा मंदिर परिसर पर 40 हजार वर्गफीट मैदान में निर्मित पंडाल में होने वाली भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को मंदिर परिसर में कलश यात्रा के साथ होगा। कथा के लिए भव्य पांडाल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहाँ 12 नवंबर तक मालव माटी के सपूत, माँ सरस्वती के वरद पुत्र और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र और प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा होगी। यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कलश यात्रा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से प्रारंभ होकर परिसर में निर्मित पंडाल तक ही निकाली जाएगी। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरि के मार्गदर्शन में कथा के लिए व्यापक तैयारियां अंतिम दौर में पहुँच गई हैं।

## भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर बनेगा फ्लाइओवर, 11 मील खजूरी जंक्शन पर सिक्सलेन होगा ब्रिज

**भोपाल (एजेंसी)** • भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे स्थित 11 मील खजूरी जंक्शन पर सिक्सलेन फ्लाइओवर बनेगा। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने फ्लाइओवर के लिए भूमिपूजन किया। उज्जैन में सिंहस्थ के दौरान यह फ्लाइओवर ट्रैफिक और क्राइड मेनेजमेंट में काफी मददगार साबित होगा। 31 करोड़ रुपए से फ्लाइओवर बनेगी, जिसकी कुल लंबाई 850 मीटर रहेगी। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम इसे बनाएगा। भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे भी



एमपीआरडीसी ने ही बनाया था। विधायक शर्मा ने बताया कि इस फ्लाइओवर के निर्माण से इंदौर-भोपाल हाईवे और भोपाल बायपास जंक्शन पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। वहीं, आने वाले सिंहस्थ में बढ़ने वाले ट्रैफिक के दवाब को भी यह सिक्सलेन फ्लाइओवर कंट्रोल करेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में हुजूर विधानसभा में विकास के बलबूते पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहर की तरह विकास हो रहे हैं। बता दें कि हुजूर विधानसभा में पिछले 5 दिन में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन हो चुका है। इनमें कोलार रोड स्थित मंदाकिनी चौराहा से दानिशकुंज चौराहा तक फोरलेन निर्माण, सूखी सेवनिया में सिक्सलेन फ्लाइओवर भी शामिल हैं।

### उज्जैन सिंहस्थ से पहले बनेगा

उज्जैन में साल 2028 में सिंहस्थ है। इससे पहले फ्लाइओवर को बनाने का टारगेट है। ताकि, लाखों राहगीरों को दिक्कतें न हो। एमपीआरडीसी को 18 महीने के अंदर फ्लाइओवर बनाना है। सर्विस रोड एवं फ्लाइओवर के ऊपर लाइट भी लगाई जाएगी।

### पिछले 25 महीने से लाड़ली बहनों को हर माह दिए जा रहे 1250 रुपए

# सरकार में पहली बार बढ़ेंगे लाड़ली बहनों के पैसे, 12 को खाते में आएंगे 1500 रुपए

**भोपाल (एजेंसी)** • डॉ. मोहन यादव सरकार में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पहली बार राशि में वृद्धि होने जा रही है। सरकार लाड़ली बहना योजना में इस महीने से 250 रुपए बढ़ाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव 12 नवंबर को एक करोड़ 26 लाख लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रुपए ट्रांसफर करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को नर्मदापुरम जिले के बाबई में योजना में राशि वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें बड़ी संख्या में योजना की लाभार्थी शामिल होंगी। योजना में लाड़ली बहनों को पिछले 25 महीने से हर माह 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। इससे पहले तत्कालीन शिवराज सरकार ने अक्टूबर, 2023 में योजना में राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1250 रुपए की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवाली के बाद भाईदूज (23 अक्टूबर) से लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के स्थान पर 1500 रुपए देने की घोषणा की थी, लेकिन किसी कारणवश राशि में वृद्धि नहीं की जा सकी। सीएम हाउस में 23 अक्टूबर को आयोजित भाईदूज के विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवंबर से 1500 रुपए देने की बात कही थी। लाड़ली बहना योजना में वर्तमान में पात्र हितग्राहियों की संख्या एक करोड़ 26 लाख है। योजना में इनके खाते में हर महीने 1541 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा रहे हैं। योजना में 250 रुपए की वृद्धि होने के बाद सरकारी खजाने पर हर महीने 1800 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। सालाना यह राशि करीब 21 हजार करोड़ होगी।

### योजना की शुरुआत 1000 से, फिर 1250 मिलने लगे

मुख्यमंत्री तत्कालीन शिवराज सरकार में विधानसभा चुनाव से पहले मार्च, 2023 में लाड़ली बहना योजना हुई थी। योजना में शुरुआत में लाड़ली बहनों को 1000 रुपए प्रति माह दिए गए तत्कालीन सीएम चौहान ने योजना में राशि क्रमश: 3000 रुपए तक बढ़ाने की घोषणा की थी। अक्टूबर, 2023




में योजना में राशि 1000 से बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी गई थी। तब से हर महीने लाड़ली बहनों को 1250 रुपए दिए जा रहे है। दिसंबर, 2023 में मोहन यादव की सरकार बनने के बाद एक बार भी योजना में राशि नहीं बढ़ाई गई। सरकार नवंबर से योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए करने जा रही है।

### मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना

- यह योजना तत्कालीन भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले मार्च, 2023 में लॉन्च की थी।
- सरकार ने शुरुआत में लाड़ली बहनों को 1000 रुपए प्रति माह दिए। अक्टूबर, 2023 से राशि बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी गई।
- योजना में लाड़ली बहनों के खातों में अक्टूबर तक 29 किश्तों में लगभग 45,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। नवंबर से राशि बढ़ाकर 1500 रुपए की जा रही है।

### अभी तक पांच लाख हितग्राही कम हुए

यह योजना जब शुरू हुई थी, तब पात्र हितग्राहियों की संख्या एक करोड़ 31 लाख थी। हितग्राहियों की संख्या में कमी आने का कारण यह है कि सरकार ने 20 अगस्त, 2023 से इस योजना के तहत नए पंजीकरण नहीं खोले हैं, जबकि योजना में अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष है।

## बीसीसीआई के पूर्व सचिव जगदाले ने खोले इतिहास के पन्ने, सोसायटी ने किया सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक सोसायटी की सभा प्रख्यात क्रिकेटर एवं बीसीसीआई के पूर्व सचिव संजय जगदाले के मुख्य आतिथ्य में रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफ़ी हाउस में संपन्न हुई। इस अवसर पर जगदाले ने क्रिकेट से जुड़े विभिन्न खिलाडियों के बारे में रोचक संस्मरण भी सुनाए और अपने ऑटोग्राफ सहित पोस्ट कार्ड भी सदस्यों को उपहार में भेंट किए। विशेष अतिथी के रूप में श्रीमती विनीता जगदाले एवं खरगोन के फिलेटेलिस्ट निरंजन स्वरुप गुप्ता भी मौजूद थे। सभा का शुभारंभ नरेन्द्र अग्रवाल की उद्घोषणा से हुआ। शिवम चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया और सुरेश भागचंदानी ने सबके स्वस्थ रहने की मंगल कामना की। रवीन्द्रनारायण पहलवान ने जगदाले से जुड़े रोचक प्रसंग बताए। सोसायटी के मुख्य संरक्षक गिरीश शर्मा आदित्य ने जगदाले का शाल पहनाकर सम्मान किया। वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट सुरेन्द्र मूल्ये ने मेपपेक्स- 2025 से जुड़ी जानकारियां साझा की। इंजीनियर चिराग त्रिवेदी ने सोसायटी की मुख ई-पत्रिका इंडफिल का प्रदर्शन किया। सभा में रवीन्द्रनारायण पहलवान ने सभी सदस्यों को उपहार में 6 पोस्टकार्ड भेंट किए वहीं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की इंदौर में निवासरत भतीजी श्रीमती माला तिवारी के ऑटोग्राफ वाले पोस्टकार्ड भी सदस्यों को भेंट किए गए। सभा में रमेश कोठारी, जयंत डोसी एवं महेश रामचंदानी ने सदस्यों को उपहार स्वरुप स्पेशल कवर प्रदान किए। संचालन किया कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने और आभार माना आलोक खादीवाला ने। क्रिकेटर संजय जगदाले ने इस अवसर पर इतिहास के पन्ने खोलते हुए कहा कि इंदौर का नाम सबसे स्वच्छ शहर के साथ ही होलकर और क्रिकेट टीम की वजह से भी जाना जाता है। इंदौर की टीम देश की सर्वश्रेष्ठ टीमों में गिनी जाती है जिसके कप्तान कर्नल सी.के. नायडू थे। वे होलकर आर्मी में कर्नल थे।

## संत लादूनाथ के भक्तों ने लिया अन्नकूट महोत्सव में जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित तपनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति के तत्वावधान में 26वें चातुर्मास महोत्सव के समापन पर महाप्रचंड हनुमान मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर मालवांचल, मेवाड़ एवं मारवाड़ अंचल से आए अनेक संतों-महंतों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और उपस्थित भक्तों को किसी भी भोज कार्यक्रम में जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प भी दिलाया। भक्त मंडल के विजय अग्रवाल एवं पुजारी योगेश-सचिन सुईवाल ने बताया कि दो दिवसीय इस महोत्सव में कार्तिक पूर्णिमा पर रामायण पाठ के विराम के पश्चात गुरू आश्रम स्थित सभी देवालयों पर पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन एवं शाम को छप्पन भोग समर्पण के पश्चात महाप्रसादी का क्रम शुरू हुआ, जिसमें अखंडधाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, संत राजानंद, कैलाश टेकड़ी लिम्बी से आए महंत केशवदास, खरगोन सनावद के नागेन्द्र गिरि, कानू नागोबा, नाथ संप्रदाय के महंत राजनाथ योगी, वीर हठीले हनुमान मंदिर के दीक्षित गुरू. काटकूट दगडी आश्रम के महात्यागी महंत रामसेवकदास महाराज तेरा भाई त्यागी समाज संतों के साथ पधारे जिनकी अगवानी भक्त मंडल की ओर से हरि अग्रवाल, दामोदर सुईवाल, मांगीलाल



मावर, रमेश खरवड, रामचंद्र मंडावरा, डॉ. किशोर मित्तल, रामलाल सावरवाल, सत्यनारायण जाजड़ा सहित आश्रम से जुड़े अनेक भक्तों ने की। विधायक मालिनी गौड़ की ओर से एकलव्य गौड़ ने भी अपने साथियों सहित महोत्सव में आकर महंत रामकिशन महाराज का स्वागत किया। इस मौके पर मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़-मारवाड़ क्षेत्र के अनेक साधु-संतों और महंतों के साथ अनेक भजन गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को सम्मोहित बनाए रखा। संचालन हरि अग्रवाल ने किया।

## इंटेक एवं पुरातत्व संग्रहालय द्वारा कल से भोपाल में मुद्रा सेमिनार, इंदौर के मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा भी आमंत्रित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राज्य शासन के पुरातत्व अभिलेखागार तथा संग्रहालय एवं इंटेक के संयुक्त तत्वावधान में 7-8 नवंबर को शिला हिल्स भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में दो दिवसीय मुद्रा सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें म.प्र. के समस्त सिक्कों के विषय में बौद्धिक सेमिनार भी होगा। इस सेमिनार के लिए राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के अध्यक्ष एवं प्रख्यात मुद्रा शास्त्री और दुर्लभ सिक्कों के संग्राहक गिरीश शर्मा 'आदित्य' को भी आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा इस अवसर पर 7 नवंबर को सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक परमार कालीन सिक्कों और उज्जैनी सिक्कों से सम्बन्धित दो पुस्तकों का विमोचन तथा चंद्रशेखर गुप्ता नागपुर, गिरीश वीरा मुंबई, डॉ. प्रशांत कुलकर्णी नागपुर, प्रो दानिश मोईन जैसे प्रख्यात वक्ताओं को भी न्योता दिया गया है। 8 नवंबर को सुबह 10.30 से दूसरे सत्र में 7 अन्य विद्वानों के व्याख्यान होंगे जिनमें संजय गर्ग, दिलीप राजगौर, फारुख तोड़ीवाला, रविशंकर शर्मा कोलकाता, रामचंद्र ठाकुर महिदपुर, मेजर डॉ. गुप्ता इंदौर एवं नीलकमल महेश्वरी ग्वालियर शामिल हैं। इंटेक के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर तथा राज्य के वरिष्ठ सेनि आईएएस मदन मोहन उपाध्याय के निर्देशन में हो रहा है जिसमें राज्य के प्रमुख नेता एवं प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## इंदौर के डॉक्टर अचानक लापता, 12 घंटे बाद वडोदरा से बरामद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के चिकित्सक डॉ. हरि सिंह रघुवंशी के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सोमवार सुबह वे अपनी निजी कार से इंदौर से गुजरात के आणंद जिले के लिए रवाना हुए थे। लेकिन, देर रात तक उनसे कोई संपर्क न होने पर परिजनों ने हताश होकर पुलिस को सूचना दी। इंदौर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और मात्र 12 घंटों में डॉक्टर को गुजरात के वडोदरा के निकट सुरक्षित बरामद कर लिया। हालांकि, इस दौरान डॉक्टर के मोबाइल से कई संदिग्ध वित्तीय



लेन-देन सामने आए हैं, जिनकी गहन जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, डॉ. रघुवंशी (उम्र 52 वर्ष) अपनी यात्रा के दौरान एक मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर रहे थे, जो कार शेयरिंग की सुविधा प्रदान करती है। इस ऐप के जरिए वे रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति को अपनी कार में ले गए थे।

## हेल्पलाइन नंबर पर 772 शिकायतें :शिकायतें सुनने के लिए तीन पुलिसकर्मी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • वैसे तो इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक की समस्याओं को दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, लेकिन इस हेल्पलाइन नंबर पर ट्रैफिक की समस्याओं के साथ ही लोगों द्वारा दूसरे विभागों की शिकायतें की जा रही है, जिसके चलते इस नंबर को हैंडल करने वाले भी कई बार हैरत में पड़ जाते हैं। हालांकि, अधिकतर लोग ट्रैफिक से संबंधित ही शिकायत करते है। हालांकि कुछ लोगों द्वारा स्टंट और रोड पर सांप पकड़ने का वीडियो तक भी इस हेल्पलाइन नंबर पर भेज दिया।

### 4 नवंबर तक 772 शिकायतें

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने 22 सितंबर 2025 से ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ये नंबर है 7049107620 जिस पर रोजाना करीब 20 से ज्यादा शिकायतें आ रही है। इसमें कई शिकायतें तो ट्रैफिक की समस्याओं से संबंधित रहती है, लेकिन कुछ समस्याएं दूसरे विभाग की तो कुछ तो ऐसी है कि जिसका किसी से कुछ लेना-देना ही नहीं होता हैं। आंकड़ों की बात करें तो 4 नवंबर तक 772 शिकायतें इस हेल्प लाइन नंबर पर आ चुकी हैं। जिसमें से 754 शिकायतों का निराकरण किया गया था, जबकि 18 शिकायतें लंबित थी। शिकायत आने के बाद उसे सुनकर पहले रजिस्टर में नोट किया जाता है, जिसके बाद उसे कम्प्यूटर में अपडेट किया जाता है। इसमें तारीख, नंबर, शिकायतें, किसे बताया गया, शिकायत की स्थिति आदि जानकारी दर्ज की जाती है। निराकरण होने पर उसकी जानकारी भी इसमें अपडेट की जाती है। जो शिकायतें दूसरे विभाग की रहती है उन विभागों को भी इन शिकायतों की जानकारी दे दी जाती है।

### पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

तीन पुलिसकर्मी हैंडल करते हैं नंबर, जाम-अवैध पार्किंग की ज्यादा शिकायतें ट्रैफिक पुलिस के इस हेल्पलाइन नंबर पर संबंधित व्यक्ति कॉल करके, वॉट्सएप पर मैसेज करके, वॉट्सऐप पर वीडियो या फोटो भेजकर करते हैं। हेल्पलाइन नंबर पर अगर शिकायतों की बात करें तो इस पर अवैध पार्किंग, सिग्नल में टेक्निकल प्रॉब्लम, ट्रैफिक जाम, ई-चालान के ऑनलाइन पेमेंट की प्रॉब्लम, फुटपाथ सड़क पर अतिक्रमण, दुकानों के बाहर गाड़ियों की भीड़ से ट्रैफिक में प्रॉब्लम, लेफ्ट टर्न में बाधा जिसे शिकायत सामान्य रूप से आती हैहेल्पलाइन नंबर की शिकायतों को हैंडल करने के लिए तीन पुलिसकर्मी इसी काम में लगा रखे हैं, जो अलग-अलग समय पर ड्यूटी करते है। ये तीनों पुलिसकर्मी इंदौर के पुश्चिम ट्रैफिक कंट्रोल रूम पर बैठते हैं। इसमें एक है एएसआई ऋतुराज यादव, कॉन्स्टेबल निकिता मेवाड़ा, कॉन्स्टेबल श्रद्धा सिंह। इसमें श्रद्धा सिंह सुबह से समय और निकिता शाम के समय हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों को सुनती है, जबकि एएसआई आने वाली शिकायतों पर नजर रखते हैं और मॉनिटरिंग करते हैं। वरिष्ठ अधिकारी पूरा मार्गदर्शन करते हैं। हेल्पलाइन नंबर पर कॉल पर आने वाली शिकायत को ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी द्वारा सुना जाता है और उनकी शिकायत को प्रॉपर जवाब दिया जाता है। शिकायत की डिटेल ली जाती है। इसके बाद समस्या को तुरंत नोट किया जाता है। अगर जाम की शिकायत रहती है तो तुरंत ही कंट्रोल रूम पर इसकी जानकारी दी जाती है कंट्रोल रूम से संबंधित लोकेशन के पास के पुलिसकर्मी या अधिकारी को इसकी सूचना देकर मौके पर भेज दिया जाता है, ताकि उस समस्या का निराकरण हो सके।

## देव दीपावली पर्व पर कलेक्टर ने खजराना गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर्व पर कलेक्टर शिवम वर्मा खजराना गणेश मंदिर पहुँचे। उन्होंने खजराना मंदिर में श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना, अभिषेक और आरती कर आशीर्वाद लिया। कलेक्टर वर्मा ने श्री गणेश जी से इंदौर की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव एवं अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी साथ थे। कलेक्टर वर्मा ने खजराना श्री गणेश को छप्पन भोग लगाया, उसके बाद अन्न क्षेत्र का अवलोकन भी किया। उन्होंने खजराना श्री गणेश मंदिर स्थित अन्न क्षेत्र में भक्तों के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए खजराना श्री गणेश मंदिर का विस्तार किया जाएगा, ताकि एक साथ बड़ी संख्या में भक्तजन सुविधापूर्वक दर्शन कर सकें। खजराना मंदिर के पूजारी भट्ट परिवार ने सम्पूर्ण मंदिर परिसर का अवलोकन कराया और सिंहस्थ के पहले किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

न्यूज़ ब्रीफ

## पुलिस कर्मियों के लिए कल्याण की नई मिसाल

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मप्र पुलिस मुख्यालय की कल्याण शाखा द्वारा पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के आर्थिक कल्याण के उद्देश्य से लागू की गई पुलिस वेतन पैकेज योजना का लाभ अब प्रदेश के अनेक परिवारों तक पहुंच रहा है। इसी क्रम में धार जिले की स्व. रूपचंद पाटिल की नामिनी श्रीमती सजन बाई को 1 करोड़ रुपये की आकस्मिक मृत्यु लाभ राशि प्रदान की गई है। धार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने श्रीमती सजन बाई को यह राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक पुलिसकर्मी के परिवार के लिए कठिन समय में संबल और सुरक्षा का आधार है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सेवा के दौरान हर पुलिसकर्मी को सुरक्षा और सम्मान दोनों की गारंटी मिले। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष दास ने बताया कि 24 दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय और एसबीआई के बीच संपन्न हुए एमओयू के तहत सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## उद्योगपतियों का 18 सदस्यीय दल हैदराबाद के लिए रवाना

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● विश्व बैंक समर्थित 'आरएएमपी' योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा फार्मास्यूटिकल सेक्टर के एमएसएमई उद्यमों के लिए हैदराबाद स्थित फार्मा स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन क्लस्टर का दो दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट 5 नवम्बर से 7 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस विज़िट में फार्मा सेक्टर के 18 उद्योगपति हैदराबाद के लिए रवाना हुए। इन्हें सांसद शंकर लालवानी, संयुक्त संचालक उद्योग समरथ सिंह मंडलोई ने स्वागत कर शुभकामनाओं सहित हैदराबाद के लिए वायुयान से रवाना किया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र स्वप्निल गर्ग ने बताया कि इस विज़िट का उद्देश्य राज्य के फार्मा उद्यमों को उन्नत उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण, अंतरराष्ट्रीय मानकों और नवाचार आधारित औद्योगिक प्रथाओं से परिचित कराना है।

# किसानों को हर हाल में मिलेगी 10 घंटे बिजली

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता (किसानों) का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को जारी संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्क्यूलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चीफ जनरल मैनेजर (सीजीएम) एके जैन को हटाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मीडिया से चर्चा में कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है। स्पष्ट है कि किसानों को 10 घंटे तक बिजली देना है तो 10 घंटे हमारे



किसान भाइयों को बिजली मिलेगी। ये जो अधिकारी उल्टे-सीधे आदेश निकाल देते हैं उन पर कार्रवाई होगी। बता दें कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दो दिन पहले एक सर्क्यूलर जारी किया था, जिसमें कहा गया था यदि एक दिन में 10 घंटे से ज्यादा बिजली सप्लाई पाई जाती है, तो संबंधित ऑपरेटर, कनिष्ठ अभियंता, उप महाप्रबंधक, महाबंधक का एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

### बिजली कंपनी ने क्या आदेश दिया था।

बिजली कंपनी के आदेश में लिखा था कि यदि किसी कृषि फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली दी जाती है तो इसे नियम के खिलाफ माना जाएगा। संबंधित ऑपरेटर की एक दिन की सैलरी काटी जाएगी। यदि कंट्रोल रूम द्वारा किसी कृषि फीडर पर 2 दिन लगातार 10 घंटे से अधिक बिजली दी जाती है तो संबंधित जूनियर इंजीनियर का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। लगातार 5 दिन तक ऐसा होने पर एक्ज़ीक्यूटिव इंजीनियर की 1 दिन की सैलरी काटी जाएगी। यदि 7 दिन तक प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक आपूर्ति पाई जाती है, तो उपमहाप्रबंधक या महाप्रबंधक का एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

# पूर्व सीएम अर्जुन सिंह की जयंती पर सीएम सहित सभी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर भोपाल में कार्यक्रम हुए। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी ने चुरहट विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के परिवारजनों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। शाम को रवीन्द्र भवन में अर्जुनसिंह सद्भावना मंच द्वारा आयोजित 'यादें अर्जुन सिंह समारोह' में महाराष्ट्र के कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा ने की। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान, भोपाल के मध्य से विधायक आरिफ मसूद और उत्तर विधायक आतिफ अकील विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति के संरक्षक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया और उनके बड़े भाई



अभिमन्यु सिंह अतिथियों का स्वागत और आभार किया। आयोजन समिति के सचिव डा. महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया रविन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर रात को अखिल भारतीय मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मुशायरा और कवि सम्मेलन में प्रख्यात रचनाकार ताहिर फराज़ (रामपुर), पापुलर मेरठी (मेरठ), शकील आज़मी (मुम्बई), ख़ुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम फारुख (एटा), मुमताज नसीम (दिल्ली), बिलाल सहारनपुरी (सहारनपुर), और तबरेज मुनव्वर राणा (लखनऊ) अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।।

# कॉलोनियों और स्कीम 171 की मुक्ति के लिए आईडीए बना रहा भोपाल का बहाना

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की लेटलतीफी और हर बार गेंद भोपाल के पाले में फेंकने की आदत से अब एसीएस संजय दुबे भी नाराज हैं। इस मामले में उन्होंने दो दिन पहले ही भरी बैठक में साफ कह दिया कि यह मुद्दा तो आपको (आईडीए) ही सुलझाना है, फिर भोपाल क्यों भेज रहे हैं? बताया जाता है कि आईडीए की 23 स्कीमों में करीब 271 कॉलोनियां वैध नहीं हो पा रही हैं। स्कीम 171 का मामला तो कई बार बोर्ड में भी आ चुका है। यहां के रहवासी 30 साल से अधिक समय से परेशान हैं। मामला सबसे पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उठाया था। उन्होंने इसे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई बैठक में रखा था। भार्गव ने कहा कि 160 से ज्यादा कॉलोनियां हैं जिन्हें निगम चाहकर भी वैध नहीं कर पा रहा है। कारण यह है कि इसके लिए आईडीए से डिनोटिफिकेशन चाहिए। इसका मतलब यह है कि ये कॉलोनियां उनकी स्कीम से बाहर हैं, लेकिन आईडीए ऐसा नहीं कर रहा है। जानकारी के अनुसार, आईडीए की विविध 23 स्कीमों में 271 कॉलोनियां फंसी हुई हैं।



**इसके बाद भड़क गए विधायक हार्डिया**-इसके बाद इंदौर विधानसभा-5 के विधायक महेंद्र हार्डिया भी भड़क गए। उन्होंने कहा कि स्कीम 171, पुष्पविहार व अन्य कॉलोनियों के हजारों रहवासी 30 साल से परेशान हैं। बोर्ड में भी संकल्प पारित है। रहवासियों ने राशि 5.89 करोड़ भी महीनों पहले जमा करा दी है। इसके बाद भी इसे डिनोटिफाई नहीं किया जा रहा है।

**आईडीए ने कहा भोपाल भेजा है**-इसके बाद आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े ने कहा कि इस मामले में भोपाल पत्र भेजा गया है। इस पर एसीएस संजय दुबे ने दो टूक कह दिया कि इस मामले में फैसला प्राधिकरण को करना है। यह भोपाल स्तर का मामला ही नहीं है। इस पर सीईओ ने कहा कि इस फाइल को मैं एक बार और देख लेता हूं।

### बोर्ड के अधूरे फैसले से उलझी है 171 की कहानी

आईडीए की 8 अगस्त को हुई बोर्ड मीटिंग में स्कीम 171 को लेकर आधा-अधूरा फैसला हुआ। इसके संकल्प में लिखा गया कि आईडीए की योजना 171 में शामिल 151.33 हेक्टेयर निजी भूस्वामियों की है। इसके साथ ही, 35.725 हेक्टेयर सरकारी भूमि है। कुल भूधारकों की संख्या 221 है। इसमें से 13 संस्थाओं की कुल 78.443 हेक्टेयर भूमि है। बोर्ड का मत है कि योजना में निजी भूमि (संस्थाओं की भूमि छोड़कर) व शासकीय भूमि को सर्वे कराकर नियोजन किया जाना उचित होगा। योजना के तहत सहकारी गृह निर्माण संस्थाओं की भूमियों की वैधानिक स्थिति संस्थावार स्पष्ट की जाए। संस्थाओं की भूमियों को योजना से मुक्त करने के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन भू-अर्जन शाखा, नियोजन शाखा व तकनीकी शाखा से संयुक्त रूप से प्राप्त किया जाए। इसमें वैधानिक स्थिति व प्राधिकरण के हित को देखते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

दो पहिया वाहन वाले सावधान!

# अब पीछे बैठने वाले को भी पहनना होगा हेलमेट, नहीं तो कटेगा चालान





दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भोपाल समेत पूरे मध्य प्रदेश में आज, 6 नवंबर से एक नया ट्रैफिक अभियान शुरू हो गया है। अब सिर्फ दो पहिया वाहन चालक ही नहीं, बल्कि पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। यदि पीछे बैठा व्यक्ति 4 साल से बड़ा है और उसने हेलमेट नहीं पहना, तो उसका चालान काटा जाएगा। एडीजी पीटीआरआई के निर्देश के बाद यह नियम सख्ती से लागू किया गया है। एडीजी पीटीआरआई के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह नियम 6 नवंबर से लागू हो गया है। भोपाल में चारों ट्रैफिक जोनों में 4-4 पॉइंट बनाए गए हैं, यानी कुल 16 चेकिंग पॉइंट पर सघन जांच होगी। हर जोन में एक मोबाइल चेकिंग टीम भी तैनात रहेगी। अब यदि पीछे बैठने वाले ने हेलमेट नहीं पहना, तो बिना किसी चेतावनी के सीधा चालान होगा। चालान की कार्रवाई पीओएस मशीन से की जाएगी। जिनके पास ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं होगी, उनके चालान भी मशीन से ही बनाए जाएंगे। सड़क हादसों में लगातार बढ़ोतरी ने ट्रैफिक विभाग को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। वर्ष 2024 में राज्य में 56 हजार 669 सड़क हादसे हुए। इनमें 13 हजार 661 लोगों की मौत हुई। इनमें से 53.8% मौतें बिना हेलमेट वालों की थीं। वहीं, जो लोग हेलमेट पहनते थे, उनमें मौत का प्रतिशत मात्र 17% रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षक है। प्रत्येक चेकिंग पॉइंट पर पर्याप्त स्टाफ तैनात रहेगा। कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी बॉडी वॉर्न कैमरा या वेब कैमरा से रिकॉर्डिंग करेंगे। बार-बार नियम तोड़ने वालों की जानकारी परिवहन विभाग को भेजी जाएगी। ऐसे चालकों का लाइसेंस धारा 194-डी के तहत रद्द किया जा सकता है।

# नशा कर कार चलाने वाले कॉन्स्टेबल पर केस, 2 सिपाही व हेड कांस्टेबल सस्पेंड

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के रावजी बाजार इलाके में एक मामला सामने आया था, जहां एक कॉन्स्टेबल ने नशे में तेज रफ्तार से कार चलाई और सड़क पर पैदल जा रही एक लड़की को टक्कर मार दी। इस घटना को पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बहुत गंभीरता से लिया है। उन्होंने उस कॉन्स्टेबल के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा, दो सिपाहियों और एक हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है। कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। सोमवार की रात रावजी बाजार इलाके में एक कार ने पैदल जा रही युवती को टक्कर मारी थी। युवती ने शोर मचाया तो क्षेत्र के लोगों ने कार को घेर लिया और चालक को बाहर निकलने के लिए कहा। जब कार से वर्दी पहने पुलिसकर्मी निकले तो लोग यह देखकर चौंक गए कि तीनों नशे में थे। कार को संयोगितागंज थाने में पदस्थ कांस्टेबल अनिल चला रहा था, कार में भंवरकुआं में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल सुदर्शन और आजाद नगर थाने का हेड कांस्टेबल वेदांत भी था। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई। घटना शनिवार रात की है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज

कॉन्स्टेबल अनिल का मेडिकल करवाया तो उसके पेट में 164 एमएल अल्कोहल की मात्रा पाई गई। उसके खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज किया है। वहीं कार भी जब्त कर ली गई है।

### जांच में खुली पोल

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों पुलिसकर्मी शनिवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद पास के एक ठेके से शराब लेकर निकले थे। नशे में उन्होंने कार से रावजी बाजार की तरफ कार दौड़ाई और बेकाबू होकर भीड़ में जा घुसे। पुलिस कमिश्नर तक जब मामला पहुंचा तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों सिपाही व हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया।

# मोमोज खाने वाले हो जाएं सावधान, जायका बढ़ाने के लिए डाला जा रहा है केमिकल का ओवरडोज

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अगर आप मोमोज पसंद करते हैं, तो सावधान रहें। मध्यप्रदेश में हाल की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। मोमोज का जायका बढ़ाने, जरूरत से ज्यादा केमिकल मिलाया जा रहा था। यह वही केमिकल है जो स्वाद तो बढ़ाता है, पर सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है।

### अवैध फैक्ट्री में बन रहा था जहरीला मोमो

इंदौर में एक अवैध मोमो फैक्ट्री को प्रशासन ने सील कर दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। जांच में खुलासा हुआ कि इस फैक्ट्री में बिना किसी वैध लाइसेंस के मोमो तैयार किए जा रहे थे। इनमें अजिनोमोटो की मात्रा तय सीमा से कहीं ज्यादा थी।



**खुले में रखा जा रहा था कच्चा माल**-इंदौर मोमो फैक्ट्री की हालत भी बेहद खराब मिली। निर्माण स्थल पर साफ-सफाई का कोई ध्यान नहीं था। कच्चा माल खुले में जमीन पर पड़ा मिला। चारों तरफ गंदगी फैली थी। यह सब देखकर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने चेताया कि रूस्व की अधिक मात्रा खासतौर पर गर्भवती महिलाओं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। इसके कारण सिरदर्द, उलझन, एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह शरीर के केमिकल बैलेंस को भी बिगाड़ सकता है।

**बिना लाइसेंस कर रहा था बड़ा कारोबार**-यह फैक्ट्री अवैध तरीके से चल रही थी और शहर के कई ठेलों, फास्ट फूड स्टॉल्स, और रेस्टोरेंट्स को बड़ी मात्रा में मोमो की सप्लाई कर रही थी। छापे के दौरान भारी मात्रा में अजिनोमोटो जब्त किया गया। अब प्रशासन इस फैक्ट्री के पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रहा है।

### केमिकल वाले मोमोज की खबर पर एक नजर...

- अवैध मोमोज फैक्ट्री पकड़ी गई, जहां बिना लाइसेंस के मोमोज तैयार किए जा रहे थे।
- जायका बढ़ाने के लिए तय सीमा से कहीं ज्यादा अजिनोमोटो मिलाया जा रहा था, जो सेहत के लिए खतरनाक है।
- फैक्ट्री में भारी गंदगी मिली- कच्चा माल खुले में जमीन पर पड़ा था और साफ-सफाई का अभाव था।
- रूस्व का ओवरडोज खासकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है; सिरदर्द और एलर्जी जैसे खतरे बढ़ते हैं।
- बिना लाइसेंस फैक्ट्री शहर के कई फूड स्टॉल्स और रेस्टोरेंट्स को सप्लाई दे रही थी; भारी मात्रा में रूस्व जब्त कर फैक्ट्री सील की गई।

# मेट्रोपॉलिटन रीजन, इंदौर में सर्वे की तैयारी, भोपाल में प्लानिंग ही नहीं हो पाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन का एरिया फायनल करने में भी इंदौर अब भोपाल से आगे निकल गया है। इसकी अधिसूचना विधानसभा सत्र से पहले और अथॉरिटी का गठन विधानसभा के दौरान होगा पर भोपाल में इस दिशा में काम काफी धीमी गति से चल रहा है। भोपाल में मेट्रोपॉलिटन सिटी के लिए सर्वे का काम तीन से चार माह लेट चल रहा है। बीडीए से जुड़े सूत्रों के अनुसार भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन प्रारंभिक तौर पर तैयार हो चुका है। यह आठ हजार स्क्वायर किमी के आसपास है। इसका सर्वे और एरिया तय करने का काम सेप्टयुनिवर्सिटी अहमदाबाद को दिया जा सकता है। भोपाल में मेट्रोपॉलिटन सिटी में सीहोर, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ जिले भोपाल बीएमआर के हिस्से होंगे। इन जिलों को शामिल करने के बाद भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन का क्षेत्र 463 वर्ग किमी से करीब 21 गुना बढ़कर 9600 वर्ग किमी का हो जाएगा। इसी के साथ मप्र मेट्रोपॉलिटन रीजन वाला देश का 13वां राज्य बन जाएगा। इस रीजन में



स्वच्छ हवा, चलने के लिए अच्छी सड़कें, आवाजाही के लिए मेट्रो व अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट तो रोजगार के लिए ढेरों मौके मिलेंगे। यूं कहें कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिए लोगों को दिल्ली-मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

**एक ही सर्किट में जुटेंगी सुविधायें**-यहीं महानगरीय सुविधाएं मिल जाएंगी। सरकारी तंत्र अगले 14 माह में मेट्रोपॉलिटन रीजन की इबारत लिख देगा। इसमें महानगरीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा, मेट्रो उपनगरीय ट्रेन सेवा, 12 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाएं और पांच जिलों के पर्यटन क्षेत्र एक ही सर्किट में होंगे। आर्थिक विकास की नीति किस तरह की होगी। इसमें उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके अलावा कृषि भूमि, जल निकास, यातायात, औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन, जल आपूर्ति, वन संरक्षण जैसे तमाम क्षेत्रों के लिए मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट प्लान में नीति तय की जानी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।